Title: Need to accord the status of an International Airport to Jaipur Airport and also name it after Maharaja Mansingh. − Laid.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : अध्यक्ष महोदय, जयपुर हवाई अड्डे का हर तरह से पूर्ण विकास हो चुका है और कई अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवायें भी जयपुर से प्रारंभ हो चुकी हैं, जिनके उतरने व चढ़ने के लिए पर्याप्त व्यवस्था कर दी गयी है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जयपुर को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का दर्जा घोषित करें और इसका नाम जयपुर के महाराजा मानसिंह जी के नाम पर किया जाये।